हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री



जिला पंचायत एवं न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग के सामने अवैध पार्किंग पर बेतरतीब खड़े वाहन।







## खबर संक्षेप

### उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, मंगलवार की सुबह से ही हल्की बदली छाई रही, लेकिन इस दौरान बारिश नहीं हो सकी, कहीं-कहीं पर बुंदाबांदी जरूर दर्ज की गई



लेकिन लोगों को गर्मी और उमस से परेशान होना पड़ा। इस दौरान अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे शहरों के लिए यलो और आरेंज अलर्ट जारी किया था लेकिन मानसून हवाएं एक बार फिर धोखा दे गई। सूरज की दस्तक के साथ उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। इस दौरान मानसून द्रोणिका श्री गंगानगर, रोहतक, डाल्टनगंज, जमशेदपुर और बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है, साथ ही झारखंड और आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती हवाओं की मौजूदगी के कारण प्रदेश में कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### सीपत-बिलासपुर बाईपास निर्माण का मामला

# नौ साल से मुआवजा लेने ही नहीं पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जयरामनगर से मोपका-खैरा को जोड़ने वाली सीपत-बिलासपुर बाईपास सड़क का निर्माण पिछले नौ वर्षों से अटका है। पीडब्ल्यूडी को इस सड़क की स्वीकृति वर्ष 2016 से प्राप्त हो चुकी है, लेकिन जिन किसानों की जमीन सड़क के लिए अधिग्रहित की जानी थी, उनमें से करीब 30 प्रतिशत किसानों ने अब तक अपना मुआवजा लेने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। मुआवजा वितरण के अभाव में संबंधितों की जमीन की रजिस्ट्री सड़क के लिए नहीं हो सकी, जिससे मामला आगे ही नहीं बढ़ सका।

आम जनता या स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से किसी खस्ताहाल सड़क के निर्माण की मांग करने, या पीडब्ल्यूडी द्वारा किसी सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने के बाद भी शासन द्वारा बजट के अभाव में लंबे समय से सड़क निर्माण को स्वीकृति नहीं देने के मामले सामान्यतः आते रहते हैं। इसके विपरीत किसी सड़क को स्वीकृत कर राशि भी जारी कर देने के नौ-दस साल बाद भी सड़क का निर्माण प्रारंभ ही नहीं हो पाना आश्चर्य का विषय है।

**40 करोड़ का सड़क निर्माण अटका**

**2016 में मिली थी स्वीकृति**

जयरामनगर से मोपका-खैरा वाली सड़क में जुड़ने वाली सीपत-बिलासपुर बाईपास को सरकार द्वारा वर्ष 2016 में निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इस सड़क की कुल लंबाई 10 कलोमीटर है, जिसकी लागत 40 करोड़ रूपए आनी है। शासन द्वारा उक्त राशि जारी भी की जा चुकी है। इस सड़क में 50 किसानों की भूमि का अधिग्रहण एवं मुआवजे का भी प्रकरण आ रहा है। जिन किसानों की जमीन सड़क के लिए ली जानी है, उनका चिन्हांकन भी पहले ही किया जा चुका है, लेकिन संबंधितों द्वारा मुआवजा राशि प्राप्त करने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाने के कारण सड़क का निर्माण बीते नौ सालों से लंबित है। विभाग के अनुसार मुआवजा पाने वाले 90 प्रतिशत किसानों को राशि का वितरण किए जाने की हालत में सड़क का निर्माण प्रारंभ किया जा सकता है। आज की स्थिति में पैंतीस किसानों को मुआवजा राशि जारी की जा चुकी है, वहीं कुछ और किसानों को राशि जारी करते ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकेगी।

### किसानों को पकड़कर खुद ही ला रहे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन के ज्यादातर मालिकों ने मुआवजा लेने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। चूंकि सड़क स्वीकृत है, और राशि भी प्राप्त हो चुकी है, जिससे इसका जल्द से जल्द निर्माण प्रारंभ करने के उद्देश्य से पीडब्ल्यूडी के एसडीओ व सब इंजीनियर खुद ही गांवों में जाकर समय-समय पर न केवल किसानों की पतासाजी कर रहे हैं, बल्कि आने-जाने के लिए साधन की व्यवस्था कर जमीन की रजिस्ट्री करवाकर मुआवजा का वितरण भी करवा रहे हैं।

### जल्द होगा सड़क का निर्माण

चालीस करोड़ की लागत से दस किलोमीटर लंबाई में बनाई जाने वाली इस सड़क की स्वीकृति वर्ष 2016 से मिल चुकी है। इसमें कुल 50 किसानों को मुआवजा वितरण किया जाना है, जिसमें 35 को मुआवजा वितरित किया जा चुका है। पंद्रह किसानों का मुआवजा वितरण अभी लंबित है। कलेक्टर से भी इस संबंध में मार्गदर्शन मांगा गया है। उम्मीद है जल्द ही सड़क का निर्माण प्रारंभ कर लिया जाएगा।

- **सीएस विंध्यराज,** ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

### शामिल खाता व पारिवारिक मतभेद बड़ी वजह

क्षेत्र के पंद्रह किसान ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक अपनी जमीन की मुआवजा राशि नहीं ली है। इसके पीछे प्रमुख कारण प्राप्त होने वाली राशि के प्रति असंतोष है। ऐसा बिल्कुल भी नहीं है कि यह असंतोष सरकार के प्रति है। किसानों का आपसी पारिवारिक मतभेद इसमें बड़ी वजह के रूप में सामने आ रहा है। अधिग्रहण के लिए जिन जमीनों का चिन्हांकन किया गया है उनमें कई जमीन शामिल खाते वाली भी है, जिससे मुआवजा राशि कई लोगों में बंट जानी है। इसके अलावा कई परिवारों में आपसी अनबन भी है, जिससे जमीन की रजिस्ट्री कर मुआवजा राशि लेने में परिवार में एकराय नहीं बन पा रही है।

# हाईकोर्ट की सख्ती: रील बनाकर एनएच को जाम करने वाले 7 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद नींद से जागी पुलिस ने रील बनाकर नेशनल हाइवे में लग्जरी कारों को खड़ी कर जाम करने वाले युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसके बाद रसूखदार 7 युवकों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा किया गया।

ध्यान रहे कि नई कार खरीदकर कुछ रसूखदार लड़कों ने रील्स बनाने के लिए नेशनल हाइवे को जाम कर दिया गया था। ड्रोन कैमरे से वीडियों शूट कर



नई कार खरीदने का जश्न भी मनाया गया था। इस दौरान सड़क पर लोगों को काफी परेशानी हुई। सोशल मीडिया में वीडियों वायरल होने पर हड़कंप मच गया था। दूसरे दिन प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बिना नाम पता के 7 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दो-दो हजार रुपए कुल 14 हजार जुर्माना करने की जानकारी दी गई थी। सोमवार को हाईकोर्ट ने नेशनल हाइवे जाम करने वालों के खिलाफ केवल जुर्माने की कार्रवाई पर जमकर नाराजगी जताई। उसके बाद देर रात आनन फानन में सकरी पुलिस ने विनोद कोलाम की रिपोर्ट पर पेंड्रीडीह - तुर्काडीह हाइवे नेशनल हाइवे में रील्स बनाने जाम करने वाले 7 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 285, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। रात में ही नई 7 फार्चूनर गाड़ियों को सकरी थाने में बुलाकर जब्ती की गई। उसके बाद मंगलवार को पुलिस ने रील्स बनाने वाले 7 युवकों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत में थाने से रिहा किया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

- वेदांत शर्मा पिता विनय शर्मा 19 साल अज्ञेय नगर
- दुर्गेश ठाकुर पिता महेन्द्र प्रताप सिंह 39 साल मसानगंज
- सिद्धार्थ शंकर शर्मा पिता गिरजा शंकर शर्मा 31 साल जोरापारा
- अभिनव पाण्डे पिता रामनाथ पाण्डे 40 साल रामा वर्ल्ड सिरगिट्टी
- आकाश सिंह पिता संजीत सिंह 36 साल गंगानगर
- विपिन वर्मा पिता गेंदलाल वर्मा 43 साल चकरभाठा
- यशवंत मिश्रा पिता घनश्याम मिश्रा 38 साल बोदरी चकरभाठा

### मुचलके पर रिहा किया गया

रील्स बनाकर नेशनल हाइवे को जाम करने के मामले में अपराध कायम कर 7 गाड़ी जब्त कर युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मुचलका धारा होने से युवकों को मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

- **प्रदीप आर्या,** सकरी टीआई

# हाईकोर्ट के आदेश पर शासन ने पेश किया जवाब

**बस सेवा का मामला**

पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए अहम माने जाने वाली बस सेवा का संचालन सही ढंग से नहीं होने को लेकर लगी याचिका पर हाइकोर्ट में आज सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए शासन से पूछा कि बिलासपुर जिले में कितनी बसें चल रही हैं। मामले में सचिव,परिवहन विभाग और बिलासपुर नगर निगम आयुक्त ने भी शपथ पत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में शहरी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वर्ष 2012-2013 में शुरू की गई थी। कुल 451 बसें 70 शहरों/कस्बों में संचालित करने के लिए खरीदी गई, जिससे 9 शहरी समूह बनते हैं। ये 9 समूह रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा और बस्तर थे। बिलासपुर में 9 बसों में से 6 चालू हालत में है और वर्तमान में 5 बस चल रही है। एक बस कुछ दिनों में सेवा में आ जाएगी।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने जल्द इस पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 10 सितंबर 2025 को तय की है। ध्यान रहे कि पिछली सुनवाई में राज्य का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता ने बताया था कि डीजल बसों के स्थान पर नई इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जाएंगी। हालांकि इलेक्ट्रिक बसों की खरीद और संचालन के लिए निविदा मार्च, 2024 में ही बसें शुरू कर दी गई थीं। जिसपर कोर्ट ने कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि बिलासपुर जिले के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के लिए सार्वजनिक परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।







**खबर संक्षेप**

## डिस्को लाइट व्यापारी स्थायी मार्केट की मांग को लेकर अमर से मिले



**बिलासपुर।** शहर के बैंड, डिस्को लाइट, पंजाबी ढोल और घोड़ा बग्घी व्यवसायियों ने शनिवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों की मांग है कि उन्हें भी शहर में एक व्यवस्थित और स्थायी मार्केट दिया जाए। जिससे वे एक जगह पर संगठित रूप से अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। बैंड एवं डिस्को लाइट संघ के अध्यक्ष नासिर खान ने बताया कि वे सभी मेहनतकश और गरीब वर्ग से आते हैं और उनकी आजीविका मुख्य रूप से समारोहों, बारातों, आयोजनों और उत्सवों में सेवाएं देने से चलती है। संघ ने मांग की कि बैंड, लाइट और अन्य संबंधित व्यवसायियों के लिए भी स्मार्ट सिटी योजना के तहत एक स्वच्छ और सुव्यवस्थित मार्केट का निर्माण कराया जाए। व्यापारियों ने बताया कि इस मांग को लेकर वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, महापौर, कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त तक को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।संघ के संरक्षक छोटे लाल जयसवाल, सुरेश कुलपहाड़ीसचिव समीर अहमद, अरुण श्रीवास्तव, बृजेश देवांगन, राज बेन, ललित राव, घनश्याम नरवानी, ललित दनके ,अवधेश विनोदिया,सुशील कुमार,राजू गुलहरे,महेश खोटे,गौतम बेन ,मंगल भाई, रोशन बावने, वीरेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल करने विचार गोष्ठी




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने तथा शिक्षा व शासन-प्रशासन की भाषा के रूप में मान्यता दिलाने छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा मांग की गई। आज छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा आनन्द मार्ग आश्रम, सरकंडा में छत्तीसगढ़ी भाषा को शिक्षा एवं काम-काज की भाषा बनाने व संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत, विशिष्ट अतिथि मालती परगनिहा, प्रमुख वक्ता नंद किशोर शुक्ल, छत्तीसगढ़ी राजभाषा मंच व अध्यक्षता आचार्य रितेश्वरानंद अवधूत ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता नंदकिशोर शुक्ल ने छत्तीसगढ़ी भाषा को बहुत समृद्ध और हिन्दी से भी बहुत पुरानी भाषा बताया । जिसे विधानसभा में सन 2007 में ही सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ की अधिकृत मातृभाषा के रूप मान्य किया गया । आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने कहा छत्तीसगढ़ी को विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पठन-पाठन और शोध की भाषा, प्रशासनिक कार्यों और दस्तावेजों में उपयोग की भाषा बनाया जाय । विशिष्ट अतिथि मालती परगनिहा ने कहा छत्तीसगढ़ी केवल भाषा नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। सुबोध देव ने कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ी समाज छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए शासन-प्रशासन को जगाने उग्र आंदोलन करेगा । अंत में ज्ञापन तैयार कर संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को सौपने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोहर साहा ने किया ।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इस सत्र से पांच नए यूजी कोर्सेस हो रहे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशिक्षुता आधारित पांच डिग्री कोर्सेस इस सत्र से शुरू किए जा रहे हैं। इन नए कोर्सेस में बिजनेस आपरेशंस में बीकॉम, मेक्ट्रोनिक्स में बीएससी, इलेक्ट्रानिक मीडिया और फिल्म मेकिंग में बीए, रिटेल मैनेजमेंट में बीबीए, कंप्यूटर साइंस में बीएससी, परफॉर्मिंग आर्टस में बीए कोर्स शामिल हैं। इन नए कोर्स में प्रवेश के लिए आफलाइन आवेदन जमा कराए जा रहे हैं।

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में सेल्फ फायनेंस अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पांच नए कोर्स चालू किए जा रहे हैं। इन नए कोर्स में एडमिशन के लिए 18 जुलाई से आफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू भी हो गई है जो 14 अगस्त तक चलेगी। इसमें बारहवीं मेरिट के आधार सीधे एडमिशन दिया जाएगा। ये सभी यूजी स्तर के कोर्स है, जिसमें बिजनेस ऑपरेशंस में बीकॉम, मेक्ट्रोनिक्स में बीएससी, इलेक्ट्रानिक्स मीडिया और फिल्म मेकिंग में बीए, रिटेल मैनेजमेंट में बीबीए, कंप्यूटर साइंस में बीएससी, परफार्मिंग आर्टस लोक और आधुनिक थिएटर में बीए कोर्स शुरू हो रहा है।

### सीयूईटी के तहत यूजी में प्रवेश लिए के चल रहा पंजीयन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी कोर्सेस में एडमिशन के लिए आनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 15 जुलाई से चल रही है। जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई है। इसमें बारहवीं उत्तीर्ण स्टूडेंटस पंजीयन करा रहे हैं जिन्होंने सीयूईटी एग्जाम दिया है। इसके बाद 30 जुलाई को प्रथम चरण के एडमिशन के लिए पंजीयन कराने वाले स्टूडेंटस का मेरिट लिस्ट जारी होगा। 5 अगस्त को दूसरे चरण के एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी। प्रथम एवं द्वितीय चरण में अंतिम प्रवेश प्राप्त स्टूडेंटस द्वारा प्रत्यक्ष उपस्थिति एवं दस्तावेजों का सत्यापन 18 से 19 जुलाई तक किया जाएगा। भौतिक सत्यापन के बाद खाली बची सीटों में आगे प्रवेश के लिए 20 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर 29 अगस्त को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

# आरसी में नंबर दर्ज नहीं, लोगों को लगानी पड़ रही 15 किमी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जद में आने और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने पर चालकों के धड़ाधड़ चालान काटे जा रहे हैं, लेकिन इन चालान की फीस पटाने में लोगों को चक्कर लगाना पड़ रहा है। दरअसल आरसी नंबर के साथ मोबाइल नंबर दर्ज नहीं होने पर सीधे आरटीओ जाकर नंबर जोड़वाने की मजबूरी सामने आ रही है,बिना इसके ओटीपी रिसीव नहीं हो रहा है और फीस भी जमा नहीं हो रही है। अगर आपके वाहन के आरसी कार्ड में मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है तो आप को लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ेगी। यातायात नियमों को धत्ता बताने के बाद घर पर पहुंच रहे चालान देख लोगों के होश उड़ने लगे है, लेकिन जब उन्हें यह पता चलता है कि चालान चाहे 500 रुपए का हो या 2 हजार का उसे पटाने के लिए मोबाइल नंबर दर्ज कराने की जरूरत पड़ेगी, उसके बाद उनका हाल बेहाल हो रहा है। वहीं आरटीओ जाने के बाद भी एक ही बार में नंबर दर्ज हो इसकी गारंटी नहीं है। दरअसल जिस पोर्टल व साइट पर नंबर अपडेट किया जाता है, वह ज्यादातर डाउन अवस्था में रहता है, जिसके चलते लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### पब्लिक डोमन में नहीं है आप्शन

आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट जैसे कार्ड में ऑनलाइन के माध्यम से सभी तरह के सुधार करना संभव है, लेकिन वाहनों के आरसी में किसी भी तरह का परिवर्तन बिना विभाग के चककर काटे नहीं हो रहा है। बताया जा रहा है कि पब्लिक डोमन में परिवर्तन का कोई आप्प्शन नहीं है, जिसके चलते परेशानी बढ़ी है।

### कुछ दिक्कत आती होगी

सर्वर की समस्या रहती है, शासन स्तर से ही साइट बनाई जाती है, जो भी व्यक्ति विभाग में आकर मोबाइल नंबर दर्ज करा रहा है, उसका काम शीघ्र करने के निर्देश हमने दिए है। बारिश के कारण कई बार इंटरनेट की सुविधाओं में कुछ दिक्कत आती होगी।

**-आसीम माथुर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

# सिम्स के डाक्टरों ने मोतियाबिंद से दिलाई राहत

**बिलासपुर।** जन्म से मोतियाबिंद की बीमारी से ग्रसित 10 वर्षीय बच्ची की सिम्स के डाक्टरों ने आपरेशन की मदद से नई ज्योति दिलाई है। आपरेशन के बाद बच्ची अच्छी तरह से देख सकती है और सामान्य जीवन जी रही है। यह उन परिजनों के लिए राहत की खबर है जो ऐसी बीमारी को अंधत्व की बीमारी मानकर उसका इलाज नहीं कराते हैं।

जानकारी के अनुसार मुंगेली जिले की 10 वर्षीय बच्ची जन्मजात को मोतियाबिंद (कंजेटियल कैटरेक्ट)की बीमारी थी, दोनों आंखों में रोशनी कमजोर थी। अंधत्व निवारण एवं चिरायु योजना के तहत चिन्हांकित करके बच्ची को सिम्स लाया गया। डॉ. प्रभा सोनवानी द्वारा जांच किया गया उन्होंने आँखों में मोतियाबिंद पाया। दाहिनी आँख का ऑपरेशन करके कृत्रिम लेंस लगाया गया है जिससे बालिका की नजर में पूर्ण सुधार आ गया है। नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता सिंह, डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं अधीक्षक डॉ.लखन सिंह के मार्गदर्शन में किया गया हैं।



### बच्चों में होती है यह बीमारी

मोतियबिंद की बीमारी सिर्फ बुर्जुगों में ही नहीं बल्कि जन्मजात बच्चों में भी हो रही है। जिसे कंजेटियल काताराक्ट और डेवेलपमेंटल काताराक्ट कहा जाता है। बच्चों की आँख में सफेदी दिखाई देना, नजर का कमजोर होना यह सामान्य लक्षण है। समय रहते इलाज करने पर बच्चे की नजर में सुधार हो जाता है, लेकिन उपचार में देरी होने पर पूर्ण सुधार की संभावना कम हो जाती है। ऑपरेशन कर कृत्रिम लेंस लगाया जाता है और नजर साफ हो जाती है। सिम्स में अबतक 100 से अधिक बच्चों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया है।

## सड़कों की जर्जर स्थित को लेकर आप करेगी आंदोलन

**बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी प्रदेश के सड़कों की जर्जर स्थिति को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ की हाईवे सहित सभी मुख्य सड़कों की जर्जर हालत को गंभीर बताया है। उनका कहना है कि कई राष्ट्रीय और राज्यमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और उचित मरम्मत की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले हाईवे भी बदहाल स्थिति में है। इसी तरह मुख्य मार्गो पर अव्यवस्था और रौशनी की कमी, हाईवे पर खराब सड़क, अंधेरा, मवेशी आदि के कारण ज्यादतर दुर्घटनाएं हो रही है। सरकार का ठेकेदारों पर कोई लगाम नहीं है और अधिकारी अपने कमीशन के चक्कर में सड़क की गुणवत्ता भी चेक नहीं करते हैं और निर्माण कार्य की सही जांच और जिम्मेदारी तय नहीं होती। प्रदेश संगठन मंत्री सरदार जसबीर सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अंदर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में जानवर बैठे रहते हैं जिससे जानमाल की हानि होती है। राज्यमार्ग पर पीडब्लूडी की लापरवाही है। इन सभी विभागों को लोगों के जानमाल से कोई लेनादेना नहीं है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा कि सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री और अच्छी तकनीक की कमी के कारण जल्द ही सड़क उखड़ जाती है। मानसून में सड़क पर पानी भरने से डामर जल्दी उखड़ जाता है जो कि सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण है। लोकसभा अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र देवांगन ने कहा कि पीडब्लूडी विभाग इतना उदासीन है कि सड़कों की समय पर मरम्मत और पेंचवर्क पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है। लोकसभा सचिव राकेश लुनिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को चेतावनी देती है कि छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार पर जल्द रोक लगाई जाए और ठेकेदारों पर क्वालिटी कंट्रोल और उनकी घटिया सड़क निर्माण पर जवाबदेही तय करें।

## मार्क हॉस्पिटल परिसर में आज शिव की प्राण प्रतिष्ठा

**बिलासपुर।** मार्क हास्पिटल के प्रांगण में भगवान शिव की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार 22 जुलाई की सुबह कलश यात्रा निकाली गई। इसके अलावा गौरी गणेश, पीठ पूजा और अन्नाधिवास का भी आयोजन किया गया।

बुधवार की सुबह 9 बजे से गौरी गणेश, पीठ पूजा, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास, शय्याधिवास, सुबह 10 बजे शिव बारात, 11 बजे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर 12 बजे रूद्रा अभिषेक, दोपहर 2 बजे हवन, आरती, 2.30 बजे प्रसाद वितरण और भंडारा होगा। भगवान शिव की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में मार्क हास्पिटल सरकंडा के डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, डॉ. रेनू बाला मौर्य, अनुष्का मौर्य लोगों को शामिल होने का अनुरोध किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

## कलेक्टर ने स्वच्छता पेट्रोलिंग वाहन को दिखाई हरी झंडी

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं निगम आयुक्त अमित कुमार ने मंगलवार को जिला कार्यालय परिसर से स्वच्छता पेट्रोल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद स्वच्छता की निरंतरता बनाए रखने की चुनौती रहेगी। इस चुनौती को पूर्ण करने में यह विशेष टीम काफी मददगार साबित होगी। नगर निगम क्षेत्र में यह पेट्रोलिंग वाहन शहर में सार्वजनिक स्थान एवं सड़कों पर कचरा फेंकने, गंदगी करने वालों को रोकने और जुर्माना लगाने का काम करेगी। सड़कों पर ठेले, गुमटी अथवा अन्य तरीके से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। अस्वच्छता और सड़क अतिक्रमण के खिलाफ जारी जंग में इस नई पहल से तेजी आने की संभावना है। लगभग 30 कर्मचारी इस बस में सवार होकर शहर के विभिन्न वार्डों का सतत दौरा करेंगे।




## पर्यावरण प्रेमी मंच का पौधरोपण अभियान आज

**बिलासपुर।** पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा क्रांतिवीर चन्द्र शेखर आजाद की जयंती 23 जुलाई से पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष सुदेश दुबे ने बताया कि इस वर्ष प्रथम पौधारोपण पूर्व पार्षद निर्मल बत्रा की स्मृति में राजकिशोर नगर स्थित उद्यान में 23 जुलाई को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसमें मंच के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं राजकिशोर नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया जाएगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**एजुकेशन प्लस**

# शोध के लिए भूमिका को 21 लाख अनुदान

**बिलासपुर।** लख्मीचंद प्रौद्योगिकी संस्थान एलसीआईटी को साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल से गेवरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के लिए सतत जल प्रबंधन योजना विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण अनुसंधान परियोजना को 21.95 लाख रुपए की अनुदान राशि के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है।



इस परियोजना का नेतृत्व सिविल इंजीनियरिंग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. भूमिका दास द्वारा प्रमुख अन्वेषक के रूप में किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य खनन क्षेत्र में जल उपयोग को अनुकूलित करना, वर्षा जल का संचयन, अधिशेष जल का उपचार एवं पुनः उपयोग तथा एक सतत और कुशल जल प्रबंधन प्रणाली का विकास करना है। यह पहल दीर्घकालिक पर्यावरणीय संरक्षण और संसाधनों के टिकाऊ उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पर्यावरण एवं जल संसाधन अभियांत्रिकी में डॉ. दास की विशेषज्ञता और सतत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस परियोजना को सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। अब तक बहुत कम निजी संस्थानों को इस प्रकार की उत्तरदायित्वपूर्ण परियोजनाएं एसईसीएल द्वारा सौंपी गई हैं, जो एलसीआईटी की शैक्षणिक एवं तकनीकी क्षमता में संस्थान का गहन विश्वास दर्शाती हैं। अपनी प्रतिक्रया देते हुए डॉ. भूमिका दास का कहना है कि हम सभी को एसईसीएल के विश्वास पर गर्व है। हमारी टीम इस परियोजना को पूरी ईमानदारी, प्रतिबद्धता और नवाचार के साथ उत्कृष्टतापूर्वक पूरा करेगी।



## चौकसे कालेज के राहुल का अमेजन में 47 लाख के पैकेज पर चयन

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के 2023 बैच के छात्र बी राहुल ने कॉलेज और जिले का नाम रौशन करते हुए प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेजन बेंगलुरु में 47 लाख रुपए वार्षिक पैकेज पर स्थान प्राप्त किया है।

राहुल ने अपनी बी टेक की पढ़ाई कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज से 2023 में सफलतापूर्वक पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने गेट परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 662 हासिल कर देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आईआईआईटी बेंगलुरु से 2025 में एमटेक की डिग्री प्राप्त कर उच्च तकनीकी दक्षता के बल पर अमेजन जैसी अग्रणी कंपनी में 47 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर नियुक्ति पाई। कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ.आशीष जायसवाल, प्राचार्य डॉ. नितिन जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. शानू शानू कुट्टन राकेश तथा समस्त शिक्षकों ने राहुल की ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।



## बिरला स्कूल की सारन्या, मानवी और वेदिका ने परचम लहराया

**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य के क्षेत्र में अपना परचम लहराया।

मंगलम महोत्सव जो कि मंगलम कला विकास संस्था द्वारा आयोजित किया गया था। उसमें कथक एकल नृत्य में शाला की सारन्या सिंह कक्षा 6 वीं की छात्रा ने सोलो जूनियर कत्थक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दूसरी की छात्रा मानवी ठाकुर ने कत्थक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। एसीसीएल द्वारा आयोजित नांद मंजरी जूनियर एकल कत्थक प्रतियोगिता में वेदिका खत्री कक्षा आठवीं की छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह शाला के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है। शाला की मैनेजिंग डायरेक्टर डाक्टर रेशु जैन ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री जैन ने बताया कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संस्था द्वारा समय-समय पर सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर बिल्हा वासियों ने की विधायक से भेंट



**बिल्हा।** स्वच्छता सर्वेक्षण बिल्हा नगर पंचायत को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर बिल्हा वासियों ने क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक से उनके परसदा स्थित गृह निवास पर भेंट कर उनका आभार प्रकट किया। साथ ही लोगों ने क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी का आभार व्यक्त किया एवं मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में जन भागीदारी से आज स्वच्छता एक सामाजिक संस्कार बन चुका है। रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल के मंत्र को आत्मसात कर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वच्छ एवं हरित राज्य की संकल्पना को साकार कर रहा है। श्री कौशिक ने कहा कि इस बार बिल्हा दूसरे नंबर पर आया है, आने वाले वर्ष में इसे प्रथम स्थान पर पहुंचाने का पुरा प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की यह उपलब्धि स्वच्छाग्रहियों की श्रम-साधना, समाज के सजग सहयोग एवं प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ, क्रेडा अध्यक्ष, सभी पार्षद, जिला पंचायत सभापति डॉ गोविंद यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी में शामिल हुए कांग्रेस नेता त्रिलोक



**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ईडी के राजनीतिक दुरुपयोग मामले को लेकर पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी, चक्काजाम किया गया। इसी क्रम में बिलासपुर के पेंड्रीडीह बायपास के आगे चक्काजाम में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता त्रिलोकचंद्र श्रीवास अपने सैकड़ों सहयोगियों सहित सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता त्रिलोक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपने विरोधियों को नुकसान पहुंचाने हेतु ईडी का दुरुपयोग कर रही है, जो कि अनुचित है। पूर्व में अजीत पवार, हेमंत विश्वशर्मा जैसे कई अन्य नेताओं पर सैकड़ों करोड़ के घोटाले का आरोप था, लेकिन बाद में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश करने पर उनके ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन जो नेता केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में लड़ रहे हैं, उन्हें बदनाम करने के नीयत से उन्हें एवं उनके परिवार को परेशान किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी भी उसी के आधार पर हुई है, जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ नंदकिशोर वर्मा, मनोज श्रीवास, दीपक कश्यप, पंडित जितेंद्र शर्मा, जीतू, मोहसिन खान, कौशल श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास, चरण सिंह, सुखदेव तिवारी, नवीन चंद्र दुबे, राम लखन जायसवाल, कृष्णा श्रीवास, मकसूदन साहू, सीताराम श्रीवास, पवन सिंह ठाकुर रवि बघेल, कान्हा सूर्यवंशी, लोकप्रकाश दिवाकर, अमन साहू, मंगल वाजपेई, राहुल गोरख, मुकेश अग्रवाल, मोहन जयसवाल, नवीन कुमार, मनीष भट्ट, अरविंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह सैनी, रामेश्वर केसरी, राकेश केसरी, ओम प्रकाश शर्मा, विजय तिवारी, दिनेश कश्यप, राकेश चौहान, सुनील यादव, असलम खान, नेहरू प्रधान, बंटी खान, कामरान खान, दीपक श्रीवास, दीपक यादव, मयंक वर्मा, आलोक ठाकरे, चंद्रप्रकाश केसरवानी, दादूराम लास्कर, मुकेश खरे सहित सैकड़ो जन उपस्थित थे।

### गीधा में श्रीमद भागवत कथा आज से

**तखतपुर।** गीधा में 23 से 31 जुलाई तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं तिलक प्रसाद तिवारी एवं मुख्य यजमान पंचबाई देवचंद साहू हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए बोधीराम, रामशरण, दीपक, बल्देव, अमित, पिल्लूराम, मनोहर, टेकराम सहित अन्य तैयारी में जुटे हुए हैं।

## निधन

### सृजन पाठक



**बिलासपुर।** सृजन पाठक का मंगलवार को निधन हो गया। वे 22 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मुंगेली के दाऊ पारा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील पाठक (शिक्षक) के पुत्र एवं अशोक पाठक ,अनिल पाठक, डा.अभिषेक पाठक, डा.अभिनव पाठक के भतीजे थे।

### फरहदा मिडिल स्कूल का हाल बेहाल, बिना भवन चल रहीं कक्षाएं

# फरहदा स्कूली बच्चों में गुणवत्ताहीन मध्यान्ह भोजन को लेकर अरुचि

**जरहागांव।** मध्यान्ह भोजन देने का तात्पर्य है कि बच्चे नियमित स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण करें, ताकि उनका मन स्कूल आने में लगा रहे और उनकी शिक्षा सहजता से पूरा हो सके। लेकिन मध्यान भोजन का क्रियान्वयन सही ढंग से नहीं होने के कारण न बच्चों को मीनू के हिसाब से खाना मिलता है न उचित व्यवस्था।



#### बिना भवन संचालित तो हो रही कक्षाएं

फरहदा में मिडिल स्कूल संचालित तो हो रही है, लेकिन वहां का भवन डिस्मेंटल लायक हो चुका है। इसके कारण हाई स्कूल भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे अनेक अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है।

#### पर्याप्त शिक्षण सामग्री नहीं, शिक्षा व्यवस्था का स्तर गिरा

जानकारी के अनुसार स्कूल में पर्याप्त शिक्षण सामग्री नहीं होने के कारण बच्चों को अनेकों लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। यहां तक बच्चों के खेल मैदान में मवेशियों का डेरा लगा दिया गया है, जिनके कारण उन्हें खेलने में दिक्कतें आ रही हैं। वहां के शिक्षक तो अच्छी शिक्षा देना तो चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था नहीं होने के कारण बेबस हैं।

#### गुणवत्ता विहीन खाना खाने को मजबूर बच्चे

जब मध्यान्ह भोजन की जानकारी लेने पर जनपद सदस्य को बच्चों ने बताया कि खाना सही ढंग से नहीं मिलता है, मीनू के हिसाब से भोजन नहीं मिलता, दाल कम पानी ज्यादा होता है एवं सब्जी कच्ची रहती है, जिनके कारण अनेक बच्चे खाना खाने में रुचि नहीं लेते। इतना ही नहीं कई बच्चों ने बताया कि यह खाना खाने से कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। इसकी जानकारी शिक्षकों को दी गई, लेकिन भोजन में कोई सुधार नहीं आया।

#### स्कूल का भवन नहीं

मिडिल स्कूल का भवन नहीं होने के कारण यथा संभव बच्चों को कम संसाधनों के बीच पढ़ाया जा रहा है। मध्यान्ह भोजन के लिए बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चे अलग-अलग जगह पर बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं।

- नोहर साहू
एचएम मिडिल स्कूल, फरहदा

#### बच्चों ने की शिकायत

जानकारी लेने के दौरान मध्यान्ह भोजन भोजन सही नहीं मिलने की शिकायत बच्चों ने की है। इस पर तत्काल भोजन बनाने वाले रसोईयों को समझाइश दी गई है। मिडिल स्कूल भवन नहीं होने के कारण अनेक समस्याएं हो रही हैं, इसकी जानकारी शासन को भेजी जा चुकी है

- रीना दुर्गेश साहू
जनपद सदस्य



## आने वाली पीढ़ी के लिए लगाएं पौधेः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है, धरती पर वृक्ष ही जीवन का आधार है। हम पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ्य जीवन की सौगात दे सकते हैं। आप सिर्फ पौधे न लगाएं, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन की भी जिम्मेदारी उठाएं। तभी सही मायने में हम अपनी आने वाली पीढ़ी को एक हरित भारत देंगे।

■ सकरी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

उक्त बातें सकरी में नगर निगम की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने सभी को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पौधे लगाकर कर उसे वृक्ष बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बिलासपुर-मुंगेली मुख्यमार्ग पर सड़क किनारे पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पार्षद द्वय किरण राजेन्द्र टंडन, कुसुम महाबली कोसले, जिला पंचायत सदस्य अंबिका साहू, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, रामचंद्र यादव, देवीलाल साहू, राजकमल साहू, अमर गुप्ता, राजेश टंडन, संजय यादव, मनोज साहू, जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रशांत गुप्ता, जंतु मरकाम, जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल, विवेक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## करेंट की चपेट में आने से कम्प्यूटर ऑपरेटर सपना की मौत



**मुंगेली।** आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर सपना देवांगन की सोमवार शाम घर में करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जैसे ही यह दुखद सूचना पहुंची कि विभाग की कर्मठ कंप्यूटर ऑपरेटर सपना देवांगन अब इस दुनिया में नहीं रहीं, हर किसी की आंखें नम हो गईं। सपना देवांगन, आदिवासी विकास विभाग की एक ऐसी कर्मचारी थीं, जिन्होंने अपने कर्तव्यों को हमेशा पहली प्राथमिकता दी। ऑफिस के काम से लेकर घर के जिम्मेदारियों तक, वे हर भूमिका में एक मिसाल थीं। सोमवार की देर शाम उन्होंने अपने कार्यालयीन कार्यों को निपटाकर मुंगेली कलेक्टोरेट से पैदल ही अपने घर की ओर रुख किया। घर पहुंचकर जब वे भोजन बनाने की तैयारी कर रही थीं, उसी दौरान एक खुले विद्युत तार की चपेट में आ गईं। दुर्भाग्यवश, अत्यधिक करंट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। यह खबर सुनते ही पूरे कलेक्टोरेट परिसर एवं आदिवासी विकास विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी ईमानदारी, शालीनता और संवेदनशील स्वभाव के कारण वे विभाग में सभी की प्रिय थीं। आदिवासी विकास विभाग की ओर से उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई।

## खाद्य दुकानों की जांच कर एकत्र किए गए सैंपल

**मुंगेली।** जिले में खाद्य सामाग्रियों में मिलावट रोकने एवं नकली खाद्य सामग्रियों के रोकथाम के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से खाद्य दुकानों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पुष्पा खाखा एवं अजीत बघेल ने बताया कि मुंगेली एवं लोरमी विखं की विभिन्न खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें विहान स्वीट्स एंड डेयरी लोरमी एवं सौर्य डेयरी झाफल लोरमी में सामग्री की गुणवत्ता जांच हेतु लूज पनीर, लूज पेड़ा एवं लूज खोवा का सेंपल लिया गया है। उक्त खाद्य सामग्री को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर प्रेषित किया जाएगा तथा गुणवत्ता जांच में अमानक घोषित किए जाने पर निर्माता फर्म आदि पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए नकली व मिलावटी खाद्य सामाग्रियों के रोकथाम के लिए विभाग की ओर से आगे जांच जारी रहेगी और अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कास्मेटिक दुकानों व मेडिकल स्टोर्स की जांच

**मुंगेली।** जिले में नकली व मिलावटी कास्मेटिक एवं नारकोटिक दवाओं के रोकथाम के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विभिन्न कास्मेटिक दुकानों व मेडिकल स्टोर्स की जांच की। औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवांगन, रत्नेश बरगाह व किरण सिंह की संयुक्त टीम ने मुंगेली स्थित राजा मनिहारी, आशा कास्मेटिक्स तथा प्रकाश मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेडिकल स्टोर्स मे नारकोटिक दवाओं के क्रय–विक्रय रिकार्ड की जांच की गई। कास्मेटिक व औषधिओं की गुणवत्ता जांच हेतु एक कास्मेटिक व एक औषधि का सेंपल लिया गया, जिसे जांच हेतु राज्य औषधि एवं प्रसाधन परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाएगा तथा गुणवत्ता जांच में अमानक घोषित किए जाने पर निर्माता कंपनी आदि पर विधिनुसार कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने बताया कि पूरे जिले में नकली व मिलावटी कास्मेटिक व नारकोटिक दवाओं की रोकथाम के लिए विभाग की ओर से आगे भी जांच जारी रखी जाएगी एवं अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

**पेंड्रा।** पैसों के लेनदेन में युवक की हत्या करने वाले आरोपी को एडीजे कोर्ट पेंड्रारोड ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल पूरा मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र के डोंगरिया गांव का है, जहां 30 जून 2024 को सुबह कृपाल सिंह और चौहान सिंह के बीच विवाद हो गया। शाम करीब 5 बजे स्थानीय लोगों ने चौहान सिंह को घर की परछी पर पड़े हुए देखा, जिसके सिर से खून बह रहा था। सरपंच के जरिए इस पूरे घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने पहले मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

■ पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में बीते वर्ष हुई थी हत्या

जांच के बाद पुलिस ने खुलासा किया कि पैसों के लेनदेन के चलते कृपाल सिंह ने चौहान सिंह के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी कृपाल सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले पर फैसला सुनाते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल ने आरोपी कृपाल सिंह आर्मो पिता विष्णु सिंह आर्मो उम्र 27 वर्ष को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और पांच सौ रूपए की अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर अभियुक्त को दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।

## नवागांव राशन दुकान में सेंधमारी, जुर्म दर्ज





**सीपत।** सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अज्ञात चोरों ने बड़ी सेंधमारी को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसते हुए गोदाम के दोनों कमरों की कुंडी भी तोड़ दी और बड़ी मात्रा में राशन सामग्री लेकर फरार हो गए। दुकान में पदस्थ सेल्समेन सूरज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि वह 18 जुलाई की शाम को रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। अगली सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। उसने भीतर जाकर देखा तो गोदाम के दरवाजे भी क्षतिग्रस्त थे। जांच करने पर सामने आया कि चोरों ने 36 कट्टी चावल, 5 कट्टी एवं 21 किलो शक्कर, तथा 1 बोरी नमक की चोरी कर ली है। चोरी किए गए सामान की अनुमानित कीमत 79 हजार 774 आंकी गई है। घटना की सूचना सरपंच भागवत प्रसाद मरकाम व सचिव छोटेलाल साहू को दी गई, जिसके बाद पंच जलेश्वर साहू के साथ थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305(ए) एवं 331(4)- के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

■ चावल, शक्कर, नमक सहित 79 हजार से ज्यादा की चोरी

URMILA MEMORIAL HOSPITAL
200 BEDDED MULTI-SPUER SPECIALITY HOSPITAL
UMH™
आयुष्मान भवः
24x7 EMERGENCY HEART & NEURO
सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक, सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा
NABH CERTIFIED
QCI Quality Council of India
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
GERD
• छाती में जलन • भूख में कमी • एसिड का • ऊपर आना • गैस ज्यादा • बनना • बार-बार • डकार आना • खाना न • पचना
• सूखी खांसी • आना • मुंह में कड़वा • स्वाद • लिवर कैंसर • पिलीया • प्रेक्रियटिस • खून की उल्टी • काली लेट्रीन • लेट्रीन में खून
लीवर की निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच 24 जुलाई 2025
पेट रोगों हेतु निःशुल्क इंडोस्कोपी जांच 25 जुलाई 2025
हृदय रोग एवं मस्तिष्क रोगों हेतु EMERGENCY READY
हार्ट अटैक के लक्षण
• छाती में जकड़न एवं कंधे में दर्द होना • दर्द के साथ पसीना आना • सांस फूलना • बेचैनी महसूस होना • भारीपन एवं छाती में जलन
ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण
• चेहरे का टेढ़ापन • हाथ-पैर में कमजोरी या सुन्न होना • बोलने में दिक्कत • चलने में लड़खड़ाहट • नजर का कम या दो दिखाई देना
ट्रॉमा, हड्डी एवं ज्वाईट रिप्लेसमेंट
• ट्रॉमा एक्सीडेंट • घुटना प्रत्यारोपण • कुल्हा प्रत्यारोपण • लिगामेंट इंज्युरी • मल्टी लिगामेन्ट • स्पोर्ट्स इन्ज्यूरी • टेनिस एल्बो
मिनिमल इन्वेसीव सर्जरी
• अपेंडिक्स सर्जरी • गालब्लेडर सर्जरी • हार्निया • बड़ी एवं छोटी आंत की सर्जरी • पथरी • प्रोस्टेट (TURP) की सर्जरी • पेशाब की नली की • सिकुड़न • गुर्दे के कैंसर • पाइलोप्लास्टी (PUJO) की सर्जरी • पेट के कैंसर की सर्जरी
EMPANELMENT WITH
ALL TPA, INSURANCE, SECL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
महिलाओं में पाईल्स की समस्या का निःशुल्क जांच एवं परामर्श, महिला विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा
29 जुलाई 2025 | सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
NAHAR ROAD, BHATAGAON, RAIPUR (C.G.)
0771-4088820
9109125524, 9589956859

### प्रकृति के संरक्षण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

## सिंधी समाज की महिलाओं ने कन्या शाला में किया पौधरोपण



**तखतपुर।** सिंधी समाज की महिलाओं ने कन्या उच्चतर माध्यिमक विद्यालय में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया। प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक कदम उठाते हुए नगर की सिंधी समाज की महिलाओं ने पौधा रोपण का बीड़ा उठाया है।

इसी क्रम में शासकीय कन्या उमा शाला में पौधों का रोपण किया गया। इस आयोजन पर जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज हम सभी प्रकृति की प्रदूषण की मार को झेल रहे हैं, जिससे बचने का एक मात्र और सरल उपाय पौधरोपण है। यह व्यक्ति को हर तरह की प्राकृतिक आपदा से बचाने में आपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की महिलाएं जो प्रकृति के प्रदूषित होने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, यह निश्चित ही सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम के आयोजक कमल जसूजा ने कहा कि हम सभी लोग इस बात का अनुभव कर रहे हैं कि वर्तमान में जो भी प्राकृतिक असंतुलन बना हुआ है, उसमें हमारा ही योगदान है एवं इसे हम ही दूर कर सकते हैं। इसलिए हम और हमारी समाज की महिलाओं ने सभी सार्वजिनक स्थल पर पौधरोपण कर एक सकारात्मक पहल की है। इस मौके पर विभिन्न छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वर्षा सचदेव, महिमा संतानी, कशिश होतचंदानी, पूजा मंदानी, माया जसूजा, रिया जसूजा, पूजा लालचंदानी, शारदा चांदवानी, पदमा टेकवानी, रानी चांवला, मान्या भारती, आशा सचदेव, हर्षा सचदेव, मंजीत हूरा, प्रीति खुराना, रश्मि लाल चंदानी, कोमल तोलानी, अम्बा रमानी, संगीता तोलानी, मधु होतचंदानी, भूमि कारड़ा, सुमति जसूजा, सिया चांवला, मंजू, मीना, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मिनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिंहा, स्वीटी सिंह, पारूल यादव, विद्या मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



श्री शिवम द्वारा आयोजित सावन उत्सव के पहले दिन महिलाओं ने जमकर खुशियाँ मनाई। ग्रीन थीम ड्रेस में आई महिलाओं ने फ़ल्मिी गीतों में जमकर डांस किया और कविताएं सुनाई। साथ ही रैंप वॉक कर सभी का दिल जीत लिया। सर्वप्रथम शैलेष ऋतु पाण्डेय, डॉ. नमरता सिंह एवं जज के रूप में डॉ. गौरी दत्त, सत्यभामा अवस्थी, एडप्रयास की डायरेक्टर ममता पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# ग्रीनथीम पर महिलाओं ने किया रैम्प वॉक



**श्री शिवम में पहले दिन सावन उत्सव की धूम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ममता पाण्डेय ने गणेश वंदना प्रस्तुत की, सावन उत्सव मनाने आई महिलाओं का कुमकुम और रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया, एडप्रयास की मुहिम मौलीरक्षा सूत्र को दर्शाया गया। सावन उत्सव के प्रथम दिन नेहरू नगर मित्र मंडल की महिलाओ ने भाग लिया। सर्वप्रथम डांस प्रतियोगिता हुई, जिसमें बोले चूड़ियां-बोले कंगना गीत पर योगिता मौर्य एवं एकता प्रधान ने खूब तालियां बटोरीं। चूड़ी है ज़दि पे आयी, पायल ने शोर मचाई पर रवीना दुबे, शुमन द्विवेदी, ज्योत्सना मिश्रा और सोनल मिश्रा ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। गाने में शुभांगी प्रीति गुप्ता ने रिमझिम रिमझिम रिमझिम रूमझिम, भीगी भीगी रूत में... अर्चना ललित ने होश वालों को खबर क्या गीत की प्रस्तुति दी। डॉ. सुषमा पाण्डया ने स्वरचित कविता से लोगों की वाहवाही लूटी। श्री शिवम में चल रहे सावन उत्सव में महिलाओं ने ग्रीन साड़ी, ग्रीन छतरी, ग्रीन कलर की डांडिया के साथ प्रस्तुति दी। रैम्प वॉक में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रैम्पवॉक में रवीना दुबे, सपना चंदानी, सोनम ध्रुव, अल्का सिंह, शुमन द्विवेदी, ज्योत्सना मिश्रा, सोनल मिश्रा, योगिता मौर्य, प्रीति मौर्य, एकता प्रधान और शुभांगी प्रीति गुप्ता ने अपने अपने अंदाज में अगल अगल थीम में रैम्पवॉक किया। अतिथियों ने गाने में शुभांगी प्रीति गुप्ता को प्रथम पुरस्कार और ज्योत्सना मिश्रा को डांस में प्रथम पुरस्कार दिया, कार्यक्रम में आरजे आनंद ने सभी महिलाओं को छोटे-छोटे रोचक गेम्स खिलाए और इशान क्षत्री ने एंकरिंग की।




जॉब

## भारतीय वायु सेना में एयरमैन ग्रुप पदों पर भर्ती शुरू

**बिलासपुर।** इंडियन एयरफोर्स की ओर से ग्रुप Y के तहत एयरमैन पदों पर भर्ती हो रही है। जो भी उम्मीदवार भारतीय वायु सेना में शामिल होने का सपना देख रहे हैं, वे इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी भर्ती में भाग लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से इंडियन एयरफोर्स की ऑफिशियल



वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन एवं फीस जमा करने की लास्ट डेट 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस भर्ती में एयरमैन पदों पर आवेदन के लिए 12वीं/इंटरमीडिएट या समकक्ष फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी विषयों के साथ उत्तीर्ण किया है। अभ्यर्थी के अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 फीसदी अंक होने अनिवार्य हैं। इसके साथ ही मेडिकल असिस्टेंट पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी का जन्म 2 जनवरी 2005 से पहले एवं 02 जनवरी 2009 के बाद न हुआ हो। मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड पदों के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 21 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा डिप्लोमा/बी.एससी फार्मेसी पदों के लिए उम्मीदवार की उम्र 24 साल से ज्यादा न हो। इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने के साथ सभी वर्गों से आने वाले उम्मीदवारों को 550 रुपए के साथ जीएसटी शुल्क का अलग से भुगतान करना होगा। ध्यान रखें कि फॉर्म भरने के साथ फीस अवश्य जमा करें, बिना शुल्क भरे गए फॉर्म स्वतः ही निरस्त हो जाएंगे। एप्लीकेशन फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा की जा सकती है। आवेदन के लिए उम्मीदवारों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना है। वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित आवेदन लिंक पर क्लिक करना होगा।

आयोजन

## कला के माध्यम से संस्कार का बीजारोपण करना अनुकरणीय



**बिलासपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा गुरु सम्मान का आयोजन महाराष्ट्र मंडल पारिजात कालोनी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात पूजन कर किया गया, सुकांता दुबे, समृद्धि तिवारी एवं जसलीन कौर ने गणपति वंदना एवं गुरु वंदना पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोककला बांस गीत की प्रस्तुति श्यामू यादव, रमेश



यादव एवं उनके साथियों द्वारा दी गई। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कला के माध्यम से समाज में संस्कार का बीजारोपण करने का अनुकरणीय कार्य संस्कार भारती कर रही जो प्रशंसनीय है, हमे कला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता हेमंत माहुलीकर ने संस्कार भारती का परिचय एवं उससे जुड़े संस्कार मित्रो के दायित्वों का बोध कराते हुए कहां हम एक ऐसे वैचारिक संगठन से जुड़े हुए जिसमे कला के माध्यम से समाज में लोगो को चिंतन के लिए प्रेरित किया जाता है, उन्होंने कहा की कला के संरक्षण कलाकार होना आवश्यक नही है, हममें कला के प्रति रुचि होनी चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन देते जिए गजानन वासुदेव फड़के कहां की कला एवं साहित्य के माध्यम से समाज में नवजागरण का कार्य संस्कार भारती पहले भी करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

## स्त्रीत्व, श्रृंगार, प्रेम और परंपरा का सावन उत्सव

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की बहनों के द्वारा सावनोत्सव का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। सावनोत्सव की मुख्य अतिथि शशी अमर अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि हर्षिता पांडेय एवं सीमा राजेश शुक्ला के हाथों मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इसके पश्चात महिला मंडल की सदस्यों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे सावन सुंदरी चयन, लकी वूमेन चयन ,एवं लोकगीत प्रस्तुति, फुगड़ी नृत्य, एवं मजेदार खेल, जिनमें सावन से जुड़ी परंपराओं को



अत्यंत सुंदरता से प्रदर्शित किया गया।

महिलाओं ने पारंपरिक हरे वस्त्रों में सजधज कर, हाथों में मेंहदी और माथे पर बिंदी के साथ जब लोकगीत गाए एवं बहनों के मनमोहक नृत्य से. तो समूचा माहौल हरियाली के उत्सव में रंग गया। शशी अमर अग्रवाल ने कहा की सावन केवल ऋतु नहीं, अपितु स्त्रीत्व, श्रृंगार, प्रेम और परंपरा का उत्सव है। महिला मंडल द्वारा ऐसे आयोजनों से समाज में सौहार्द और संस्कृति दोनों को संबल मिलता है। विशिष्ट अतिथि हर्षिता पांडेय ने अपने ओजस्वी वाणी पर सावन में अराध्य देव शिव जी को भी माता पार्वती के प्रति समर्पित है ये बताते हुए नारी की शक्ति को परिभाषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की अध्यक्ष चित्रा तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजन मंडल में राजकुमारी तिवारी, उर्मिला शर्मा, कावेरी शर्मा,शशी शर्मा, प्रतिमा पांडेय,बरखा शर्मा, सावित्री दुबे, पूनम पांडे, प्रतिमा पांडेय, नेहा पांडेय, खुशबू, सिब्बी शर्मा आदि बहनों का सहयोग रहा।

## भजन और सावन के गीतों से भक्तिमय गुरूद्वारा

सरकंडा गुरुद्वारा में सावन उत्सव मनाया गया, कौशल्या तीर्थानी ने कहा की सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय है। चारों तरफ़ हरियाली छा जाती है सावन में शिव की भक्ति उनकी पूजा अर्चना से चारों तरफ़ भक्तिमय वातावरण हो जाता है। सावन उत्सव में महिलाएं एवं बच्चो के साथ मिलकर मनाया जाता हैं, छोटे बच्चे राधा -कृष्ण शिव,पार्वती की वेशभूषा में सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में रानी वाधवानी, आशा वाधवानी, कंचन रोहरा, माही वाधवानी, माया मंगवानी, भव्य मेहरचंदानी ने सावन के गीत और भजन से भक्तिमय माहौल बनाया। सावन के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीता कोडवानी रत्ना गुरवानी, अंजू वंदना, रोमा कोडवानी का विशेष सहयोग रहा।

## ब्रिज विहार में मनाया गया सावन उत्सव

राजकिशोर नगर स्थित ब्रिज विहार कॉलोनी में सावन उत्सव मनाया गया, अणिमा तिवारी ने कहा कि सावन श्रृंगार का महीना है, जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि हरे रंग से सजी हुई होती है, इसलिए महिलाएं भी 16 श्रृंगार करके उत्सव को मनाती हैं। सावन माह से शिवजी की उपासना के साथ ही त्यौहारो का आगमन हो जाता है। कार्यक्रम की सावन सुंदरी चंद्रकला दुबे बनी और गेम की विजेता अनामिका साहू रही। सभी ने बड़े उत्साह के साथ नृत्य एवं संगीत में



हिस्सा लिया, कार्यक्रम में अणिमा तिवारी, सुषमा पासवान, नंदनी उपाध्याय, शोभा सिंह, रुथ पॉल, अनामिका साहू, अनिता शर्मा, चंद्रकला दुबे, गायत्री श्रीवास्तव, प्रेमा श्रीवास्तव, रंजना वस्त्रकार मौजूद थी।

## मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति की मधु बनी सावन सुंदरी

मां सतबहनियां दाई महिला सेवा समिति कुदुदण्ड की महिलाओं ने सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें मधु मानिकपुरी को सावन सुंदरी चुना गया। ग्रुप डांस, एकल डांस, ने सभी का मनमोह लिया। खेल, नृत्य में प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कार दिया गया। इसमें जमुना सोनी, सुशीला सोनी, श्यामा उपाध्याय, गंगोत्री निर्मलकर, घसनीन यादव, सरिता वासिंग, सुभ्रा वासिंग, रिता वासिंग, रमा



तिवारी, मधु मानिकपुरी, शिवानी कश्यप, काजल कश्यप, सुषमा मराठा, शिवकुमारी पाठक, सुनीता सोनी आदि मौजूद थी।

धर्म-क्षेत्र

## पूज्य आर्यिका माताजी संसंघ सरकंडा मंदिर में विराजमान



**बिलासपुर।** आर्यिका अनर्घमति माताजी संसंघ के चातुर्मास कलश स्थापना के पश्चात क्रांति नगर दिगम्बर जैन मंदिर से सरकंडा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार हुवा। पूज्य आर्यिका माताजी संसंघ के मंगल विहार के श्रद्धालुगण क्रांति नगर मन्दिर पहुंच कर सरकंडा मंदिर तक माताजी की भव्य अगवानी किए। आहार चर्या के उपरान्त पूज्य आर्यिका माताजी संसंघ का शाम को लखीराम अग्रवाल सभागृह के सामने से परम पूज्य आर्यिका माताजी का गाजे- बाजे, बैनर,जैन ध्वजा के साथ जयकारा लगाते हुए भव्य अगवानी की गई। महिला मण्डल के द्वारा पूज्य आर्यिका माताजी संसंघ का पाद प्रक्षालन करके अभिनन्दन भी किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के सम्मानित श्रद्धालुओं उपरोक्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

कार्नर न्यूज

डिजिटल ब्रेसलेट बनेगी पहली पसंद, ऑर्डर पर खास तरह के कार्ड

# फ्रेंडशिप डेः महानगरों की तर्ज पर बाजार में गिफ्ट की वैरायटी

दोस्ती के इजहार का दिन फ्रेंडशिप डे इस बार 3 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन को खास बनाने युवा अभी से तैयारी में जुट गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर शहर का गिफ्ट बाजार पखवाड़ेभर पहले ही गुलजार हो चुका है।



**बिलासपुर।** आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड और रिंग के साथ स्पेशल कार्ड खरीदने युवा गिफ्ट दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। फ्रेंडशिप डे पर दुकानों में गिफ्ट के नए कलेक्शन आए हुए हैं, जिसमें दोस्ती के रिश्तों में भावनाओं के इजहार के लिए डिजिटल कार्ड की बिक्री बढ़ी हुई है। इस तरह के काड्र्स में फोटो के साथ दोस्ती का संदेश लिखा हुआ है। इसके अलावा डिजिटल ब्रेसलेट इस बार आकर्षक गिफ्ट होगा। साथ ही फोटो वाली ब्रेसलेट युवाओं की पहली पसंद है। फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने हर साल कैफे और रेस्तरां में भीड़ बढ़ जाती है, जिसे लेकर युवा अभी से एडर्वास बुकिंग कराने लगे रायपुर समेत शहर के कैफे में फ्रेंडशिप डे दिन के अलग-अलग समय में कैफे बुक कराने लोग पहुंच रहे हैं।




### फेंडशिप रिंग और लॉकेट भी खास

दोस्ती को और खास बनाने के लिए लॉकेट भी नई डिजाइन के बाजार में आए हुए हैं। महानगरों में रिंग और लॉकेट के साथ कई रंगों में रंगी फ्रेंडशिय रिंग, मोतियों के बनी बेल्ट और ब्रेसलेट चलन में हैं। इसको कई वैरायटीज बाजार में उपलब्ध हैं। इसकी कीमत 40 रुपए से 300 रुपए तक है। इन बैंड को इस तरह से तैयार किया गया है कि इन्हें फ्रेंडशिप डे के अलावा अन्य मौकों पर भी इस्तेमाल किया जा सके। बाजार में फ्रेंड्स फॉरवर लिखी हुई बेल्ट, बैंड व फ्रेंडशिप लॉकेट आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा युवाओं को मोतियों से बनी ब्रेसलेट, फ्रेंड्स लिखी बेल्ट, वूडन को बेल्ट ज्यादा पसंद आ रही है।

### दिल्ली और मुंबई से मंगाए जा रहे तोहफे

दुकानों में डिमांड को देखते हुए दिल्ली और मुंबई से फ्रेंडशिप डे के लिए गिफ्ट आइटम कई वैरायटीज में मंगाए गए हैं। फ्रेंडशिप डे को लेकर सामान्य गिफ्ट को विक्री के साथ मांग भी बढ़ गई है। दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों को युवा अपने दोस्तों को देने खरीद रहे हैं। गिफ्ट में फोटो फ्रेम विथ चॉकलेट व कोटेशन फ्रेम की



डिजाइन के साथ टेडी वियर, फोटो टीशर्ट, घड़ी, पेन स्टैंड, बेल्ट, पर्स, वैग, महंगे परफ्यूम, प्रिंटेड कप जैसी सामान्य चीजें भी शामिल हैं।

### ग्रुप फोटो केक की डिमांड

दुकान संचालक रॉको गुप्त ने बताया कि यूथ अपने दोस्तों की स्पेशल राइटिंग में कार्ड के साथ फोटो फ्रेम बनवा रहे है। युवाओं की डिमांड पर प्रिंटेड कार्ड गी तैयार किए जा रहे है। फोटो प्रेम 600 से 2 एजार रुपए तक है, लइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपए का अतिरिक्त शुल्क तय किया जा रहा है। इसके अलावा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने यूथ केक पर अपनी ग्रुप फोटो बनवाने की तैयारी में है। इसके लिए दोस्तों के ग्रुप ने अभी से ऑर्डर वे किए है।



**खबर संक्षेप**

### पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पत्नी को प्रताड़ित कर मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेली नाका चौक निवासी सविता केशरवानी ने रिपोर्ट लिखाई है कि उनका पति लखन केशरवानी विगत 5 साल से मानसिक, शारारिक रूप से प्रताड़ित गाली गलौज करते हैं। रात को 12 से 1 बजे घर आते हैं और पूछने पर दारू पीने के बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं। 20 जुलाई को भी उनके साथ मारपीट किया गया है। वह अब प्रताड़ना से त्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति लखन केशरवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी सिम जालसाजों को देने वाला एजेंट गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दूसरे की आईडी से फर्जी सिम जारी कराकर जालसाजों को उपलब्ध कराने वाले एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार बेमेतरा निवासी अजय कुमार सेन रायपुर में रहकर काम करते हैं। उन्होंने अपना आईडी जमाकर मोबाइल सिम कार्ड लिए थे। उसके बाद उनके आईडी से वर्ष 2024 में 2 फर्जी सिम कार्ड जारी कराकर आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों को उपलब्ध करा दिया गया था। वर्तमान में उन्हें पता चला उनके नाम से फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है। जांच में खुलासा हुआ राजीव प्लाजा में संचालित वोडा, आईडिया मोबाइल कंपनी का एजेंट मुंगेली बलौदी निवासी धर्मेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा उनके आईडी का दुरुपयोग करते हुए फर्जी सिम कार्ड जारी कर जालसाजों को उपलब्ध कराया गया है। पुलिस ने श्री सेन की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 66 सी, 318, 4, 42, 3, 42, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर एजेंट धर्मेन्द्र कुमार बंजारे को गिरफ्तार कर लिया है।

### राजमिस्त्री के सूने घर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** राजमिस्त्री के सूने घर से चोरों ने जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के



अनुसार भरनी डबरीपारा निवासी रोशन लाल लहरे पिता मनकराम लहरे राजमिस्त्री का काम करते हैं। 21 जुलाई को वह काम करने बिलासपुर आ गए। उनकी पत्नी खेत चली गई और बच्चे स्कूल चले गए थे। शाम 4 बजे छुट्टी होने पर बच्चे घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। सामान अस्त व्यस्त पड़े था और आलमारी से चांदी की बिछिया, पायल, सोने की फुल्ली, 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### करंट से युवक की मौत आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** खेत में करंट लगने से युवक की मौत के मामले में जांच के बाद खेत मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार एक खेत में लगे करंट की चपेट में आने से पंकज कुमार जगत की मौत हो गई थी। जांच में खुलासा हुआ कि खेत मालिक ग्राम कोकड़ी निवासी प्यारे मोहन यादव पिता मुकुंदा यादव 40 साल द्वारा झटका तार में करंट लगाया गया था। जांच के बाद पुलिस ने गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 के तहत प्यारे मोहन यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

**कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की हालत**

**लाखों की मशीनें भी अस्पताल में हो रही कंडम, हर तरफ है अव्यवस्था का आलम**

# अस्पताल में 3 गायनिक डॉक्टर, फिर भी महतारियों को लगाना पड़ रहा शहर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वास्थ्य विभाग ने कोटा क्षेत्र के मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा में कई सुविधाओं का विकास किया है।

- **अस्पताल में एनेस्थेटिक डॉक्टर की कमी**
- **आला अधिकारी साध चुके हैं चुप्पी**

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के नाते महतारियों को सुरक्षित मातृत्व की गारंटी तक विभाग द्वारा दी जाती है, लेकिन अस्पताल में 3 गायनिक डाक्टर की पदस्थापना के बाजवूद सिजिरियन डिलीवरी बंद कर दिया गया है। कभी कभार नार्मल डिलीवरी कराई जाती है लेकिन सुविधाओं के लिहाज से वह भी गिनती की है। ऐसे में महतारियों को सीधे शहर के अस्पतालों के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य सुविधाओं के बाद भी लचर व्यवस्थाओं का शिकार हो चुका है। महीनों से प्रसव सुविधा का लाभ गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा है। मरीजों को इलाज और आपरेशन के लिए सीधे शहर के अस्पतालों तक पहुंचना पड़ रहा है। दरअसल विभाग ने यहां गायनिक डाक्टर पारूल जोगी, डॉ. रेणुका सैमुअल, डॉ. रिचा तिवारी की पदस्थापना की है, लेकिन महतारियों को डाक्टरों का इलाज नहीं मिल रहा है, बताया जा रहा है कि एक डाक्टर स्वयं ही बीमार है और छुट्टी पर है। वहीं बाकी के डाक्टर कभी कभार ही डिलीवरी के दौरान उपस्थित रहती है। अस्पताल में आपरेशन थिएटर भी फंक्शनल स्थिति में नहीं है। जिसके कारण अव्यवस्था बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में एनेस्थेटिक नहीं है, जिसके कारण आपरेशन किया जाना संभव ही नहीं हो पा रहा है, इस ओर ना तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान है और ना शासन द्वारा पदस्थापना की जा रही है।




#### रतनपुर में भी बंद है आपरेशन

कोटा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाद रतनुपर स्वास्थ्य केन्द्र भी बदहाल है, एक्का दुक्का डाक्टर के भरोसे 40 से अधिक मरीज रहते है। कुछ माह पहले लाखों रूपए खर्च कर नया बिल्डिंग बनाया गया है। आपरेशन थिएटर में नई मशीनों का इंस्टालेशन किया गया है, लेकिन अस्पताल में एनेस्थेटिक नहीं होने के कारण सिजिरियन डिलीवरी ही बंद हो चुकी है।

#### लाखों के उपकरण, हो रहे कबाड़

बताया जा रहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के लिए ईसीजी, एक्सरे जैसी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, लेकिन ईसीजी मशीन का केबल खराब होने के बाद इसे कंडम बनाकर रख दिया गया है। ऐसा ही हाल एक्सरे मशीन का है, कभी मशीन चलती है, कभी खराब हो जाती है, जिससे मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

#### बीएमओ से ली जाएगी जानकारी

मस्तुरी की तरह कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की नई बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, इसमें थोड़ा समय लग रहा है। एक गायनिक डाक्टर छुट्टी पर है। आपरेशन किस लिए बंद है, बीएमओ से जानकारी ली जाएगी।

**-डॉ शुभा गढ़ेवाल,**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

**दो घंटे तक चला कांग्रेस का आंदोलन, ईडी और सीबीआई के दुरूपयोग का लगाया आरोप**

# कांग्रेस की नाकाबंदी, कई किमी तक जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के रायपुर रोड पर की गई नाकाबंदी के कारण कई किमी तक सैकड़ों ट्रकों की लाइन लग गई। इससे घंटो जाम की नौबत रही और लोग परेशान होते रहे। करीब दो घंटे तक बिलासपुर, रायपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा रूट की गाड़ियां जाम में फंसी रही। बाईपास से लेकर नेशनल हाईवे तक कई किमी दूर तक ट्रक, हाइवा, बस आदि भारी वाहनों की कतार लगी।

- **प्रदेशभर में कांग्रेस नेताओं ने की आर्थिक नाकेबंदी**

दरअसल प्रदेश में चर्चित शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ प्रदेश भर में कांग्रेस ने विरोध करते हुए आर्थिक नाकेबंदी और चक्काजाम किया। इस दौरान कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता नेशनल हाईवे बिलासपुर-रायपुर मुख्यमार्ग को घेरकर वहां पंडाल लगाकर धरने पर बैठे रहे। जिसके चलते किसी भी दोपहिया, चारपहिया या अन्य भारी वाहनों का एक तरफ से दूसरे तरफ आवाजाही बंद रहा। केवल एम्बुलेंस वाहन को ही चक्काजाम के दौरानगुजरने दिया गया। चक्काजाम दौरान तखतपुर, बिल्हा, मस्तूरी, बेलतरा, कोटा और बिलासपुर विधानसभा से प्रदेश पदाधिकारी, शहर जिला कार्यकारिणी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और सभी प्रकोष्ठ, मोर्चा विभाग के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।



प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दो घंटे तक सड़क जाम रखी।

#### छत्तीसगढ़ महतारी के अस्मिता की लड़ाईः महंत

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि यह लड़ाई कांग्रेस व भाजपा की नहीं है। यह लड़ाई छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता की है, जिसे भाजपा के केंद्र और राज्य सरकार उद्योगपति के हाथों बेचना चाह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के गर्भ खनिज संपदा से परिपूर्ण है, जिसमें लिथियम, यूरेनियम, लोहा, टीन, बक्साईड, हीरा जैसे कीमती धातुएं है। कोयला निकालने के लिए हसदेव अरण्य के बाद तमनार जंगल को उजाड़ा जा रहा है। विरोध करने पर ईडी और सीबीआई भेजा जा रहा है तथा जबरदस्ती केस में फंसाया जा रहा है। महंत ने कहा कि देश मे कल दो बड़ी घटनाएं हुई है, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की कार्यशैली स्पष्ट होती है। उपराष्ट्रपति का दबावपूर्वक इस्तीफा लेना और ईडी के दुरुपयोग पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी करना। नरेंद्र मोदी एक तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं।



वाहनों की लगी रही कतार।

#### आदिवासी समाज सबसे अधिक परेशान

इस नाकेबंदी के प्रभारी कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि जब विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री बने तो ऐसा लगा आदिवासी समाज का चहुमुंखी विकास होगा पर आज सबसे ज्यादा परेशान हैं आदिवासी समाज ही है। उनकी संस्कृति पर हमला हो रहा है। जंगल उजाड़कर आदिवासी समाज को बेघर करने की कोशिश हो रही है। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने भी भाजपा पर आरोप लगाया। नाके बंदी में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पूर्व विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सियाराम कौशिक, शैलेष पांडेय, पूर्व महापौर रामशरण यादव, आशीष सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, रविन्द्र सिंह, शेख नजीरुद्दीन, देवेंन्द्र सिंह, पंकज सिंह, महेंद्र गंगोत्री व अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

#### जल, जंगल, जमीन छत्तीसगढ़ियों की

कांग्रेस के नाकाबंदी में किन्हीं कारणों से जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी उपस्थित नहीं रहे, किन्तु उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन पर छत्तीसगढ़ियों का अधिकार है। जिस तरह भाजपा की सरकार अडानी के ईशारे पर काम कर रही है, सरकार की मंशा साफ नहीं दिखती। किसी भी हालत में कांग्रेस यह होने नहीं देगी। केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार जांच के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग कर रही है। हर स्तर पर कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

**देर रात तालापारा में पुलिस का छापा**

# अवैध शराब, हथियार सहित 10 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बीती रात पुलिस ने तालापारा में दबिश देकर अवैध शराब, हथियार सहित 2 युवक, 3 वारंटी व अशांती फैलाने वाले 5 युवकों सहित 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू ने बल के साथ तालापारा में संदिग्ध बदमाशों के घरों में दबिश दी गई। इस दौरान एक युवक के घर से अवैध शराब बरामद किया गया है। वहीं एक युवक के पास चापड़ बरामद किया गया है। इसी तरह लंबे समय से फरार चल रहे 3 वारंटियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने टीम ने क्षेत्र में देर रात घूम कर अशांती फैलाने वाले 5 बदमाशों को पकड़ा गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व जरहाभाठा मिनीबस्ती, सिरगिट्टी नयापारा, कुदूदण्ड में छापामार कार्रवाई कर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।



एक दिन पहले महाराणाप्रताप चौक में वाहन चेकिंग के दौरान नशे में धूत कार सवार युवक को पकड़कर एयरगन पिस्टल बरामद किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शहर में गुण्डो बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### जारी रहेगा अभियान

पुलिस द्वारा यह अभियान जन सुरक्षा एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यह अभियान निरंतरता जारी रहेगा।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सीएसपी सिविल लाइन

#### पकड़े गए बदमाश

- मो. अब्दुल्ला तालापारा 4.140 बल्क लीटर शराब
- ताहिर खान 31 साल तालापारा चापड़नुमा हथियार
- प्रेम शर्मा सिंधी कालोनी स्थाई वारंटी
- केशव प्रसाद पाण्डेय जरहाभाठा स्थाई वारंटी
- गोविंदा यादव बिरकोना गिरफ्तारी वारंटी
- करण कुर्रे देर रात घूमते
- अरूण डाहिरे देर रात घूमते
- प्रेम बघेल देर रात घूमते
- अब्दुल रहमान देर रा घूमते
- मोहम्मद कलीम देर रात घूमते

### आनलाइन पेमेंट दिखाकर व्यापारियों को लगाया चूना, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फर्जी एप से मोबाइल में आनलाइन फर्जी पेमेंट मैसेज दिखाकर सरकण्डा के व्यापारियों को चूना लगाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि राधा विहार नहर रोड मोपका निवासी चंद्रकांत साहू पिता संतराम साहू छत्तीसगढ़ फार्मेसी का संचालक है। वे 4 जुलाई की रात 8.54 बजे अपने दुकान में बैठे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति दवाई खरीदने आया। उसने 1700 का वेट मशीन, शुगर स्ट्रीप खरीदकर आनलाइन पेमेंट करने की बात कहते हुए अपने मोबाइल में 1700 का भुगतान होने की मैसेज दिखाकर चला गया था। बाद में उन्होंने बैंक स्टेटमेंट देखा तो पता चला भुगतान नहीं हुआ है। उसके द्वारा फर्जी एप से मैसेज दिखकर ठगी किया गया है। इसी तरह सरकण्डा क्षेत्र के ओम मेडिकल स्टोर देवनंदननगर फेस 2, ओम प्राइविजन एवं डेलीनीड्स बहतराई, जय चण्डी मेडिकल स्टोर प्रगति विहार में ठगी किया गया था। व्यापारियों के द्वारा ठगी करने वाले युवक की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराया गया था।



फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस को व्यापारियों को चूना लगाने वाले युवक को पकड़ने में सफलता मिल गई है। पुलिस ने व्यापारियों को चूना लगाने वाले सरकण्डा सूर्या विहार निवासी तन्मय देवांगन पिता लोमेश देवांगन 25 साल को पकड़ लिया। पुलिस ने दवा व्यापारी चंद्रकांत साहू की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत युवक को गिरफ्तार कर मोबाइल जब्त कर लिया गया है। मामले में पृथक से आईटी एक्ट जोड़ा गया है।

# आईएचएसडीपी के 26 मकानों में अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भूकंप वैधशाला के पास बहतराई में बने आईएचएसडीपी के 26 मकानों में अवैध कब्जा किया गया है। कई बार इन्हें खाली करने के लिए कहा गय लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। मंगलवार को निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की तो हंगामा मच गया। निगम ने विरोध के बीच इन मकानों को खाली कराते हुए अपना ताला लगाया है।

- **विरोध और हंगामे के बीच निगम ने किया मकानों को सील**

अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि बहतराई में बने आईएचएसडीपी के मकानों में ताला तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। समझाइशन के बाद भी वे लोग कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं थे। पुलिस के साथ ही दूसरी कार्रवाई की चेतावनी लगातार दिए जाने के बाद इन मकानों को खाली नहीं किया जा रहा था। इसलिए ही मंगलवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची। अतिक्रमण दस्ते को देखते ही कब्जाधारी विरोध और हंगामा करने लगे। गाली गलौच और झूमाझटकी तक की गई। निगम की टीम के साथ पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। शुरूआत में मामले को शांति से समझाने की कोशिश की लेकिन इसके बाद भी हंगामा जारी रहा तो पुलिस को सख्ती करनी पड़ी।

निगम के मुताबिक इन मकानों की न पर्ची कटी थी और न किसी प्रकार की अनुमति ली गई थी। पुलिस की मौजूदगी में एक-एककर सभी मकानों का सामान बाहर निकाला गया। इस दौरान कब्जा करने वाले हंगामा मचाते रहे। इन मकानों को जल्दी ही पात्र हितग्राहियों को अलाट करने की बात अधिकारी कर रहे हैं।

#### कार्रवाई करने पहुंची निगम की टीम से झूमाझटकी



बहतराई में अवैध कब्जा खाली कराने पहुंची निगम की टीम।

### ब्रेक फेल, ट्रक मंदिर में घुसा, बड़ा हादसा टला

**बिलासपर।** ढलान में खड़ा ट्रक ब्रेक फेल होने से पीछे चलते हुए मंदिर में घुस गया। रास्ते में सुनसान होने से बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। क्रेन से ट्रक को हटाया गया है। हादसे में मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बीती रात अशोकनगर पानी टंकी के पास ढलान में एक ट्रक खड़ा हुआ था। उक्त ट्रक को रमन रेसीडेंसी जाना था। मंगलवार की सुबह 9 बजे ड्राइवर ट्रक चालू किया तो ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार से पीछे दौड़ने लगा और मंदिर में जाकर घूस गया। इस दौरान सड़क में सन्नाटा होने से बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया है। ट्रक की टक्कर से मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना पर सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर क्रेन के माध्यम से ट्रक को हटाया गया है।

### गाली गलौज कर सरपंच व अन्य से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाली गलौज कर सरपंच व अन्य लोगों से मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार सकरी क्षेत्र के सागर निवासी राजमिस्त्री हरिशचंद्र साहू पिता समारू साहू ने रिपोर्ट लिखाई कि उनका मामा कौंवाताल निवासी बसंत साहू सरपंच है। उनके कहने पर वह नया सुसाईटी बनाने का काम करने गए थे। 21 जुलाई को सुबह 9 बजे वे ग्राम पंचायत के सामने सुसाईटी में काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव का छहुरा यादव एक अन्य साथी के साथ आया और सरपंच का नाम लेकर गाली गलौज करते हुए उन्हें काम बंद करने की धमकी देने लगा। हरिशचंद्र साहू के साथ काम करने वाला हीरादास ने सरपंच बसंत साहू को मोबाइल में सूचना दी। बसंत साहू मौके पर आए तो दोनों लोगों ने सरपंच, राजमिस्त्री के साथ मारपीट किया गया है। पुलिस ने हरिश्चंद्र साहू की रिपोर्ट पर छहुरा यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# तस्करी करते पकड़े गए आरोपी, 15 लाख का गांजा जब्त

**बिलासपुर।** जोन के तीनों डिवीजन में आपरेशन नारकोश के तहत कार्रवाई करते हुए आरपीएफ की टीम ने 8 आरोपियों को पकड़ा है। इनके पास से 15 लाख रुपए से अधिक का गांजा जब्त किया गया है।

मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल को आपरेशन नारकोश के तहत कड़ी कार्रवाई करने का आदेश रेलवे बोर्ड से दिया गया है। इसी के तहत ट्रेनों के साथ स्टेशन और सर्कुलेटिंग एरिया में आरपीएफ की टीम लगातार निगरानी कर रही है। इसमें मुख्य रूप से ओडिशा की ओर से बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के विभिन्न स्टेशनों में आने वाली ट्रेनों पर नजर रखते हुए नशीले पदार्थों की जब्ती एवं तस्करों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल के तीनों मंडल बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में स्पेशल टास्क टीम बनाकर सीआईबी अपराध खुफिया शाखा और विशेष खुफिया शाखा को एक्टिव किया गया है। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में मिलने वाले व्यक्तियों से पूछताछ करने के बाद 9 मामले में से 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के पास से 15.31 लाख रुपए कीमती 72.70 किलो गांजा जब्त किया गया है। गांजा जब्त करने के बाद आरपीएफ ने आरोपियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द किया है। ध्यान रहे कि पिछले ढाई सालों में 2023, 2024, 2025 में आपरेशन नारकोस के तहत 4.39 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थों की पहचान और जब्ती करते हुए 231 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

#### आरपीएफ ने की आपरेशन नारकोस की कार्रवाई



जब्त गांजे के साथ पकड़े गए आरोपी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411